# शूटिंग एकेडमी पहुंच मार्ग का निर्माण अधूरा



## रास्ते पर गंदगी और कचरे के लगे ढेर

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अगस्त. शहर को खेल और पर्यटन का हब बनाने की मंशा पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है. मखानपुराम स्थित एमपी शूटिंग एकेडमी के मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है. शूटिंग एकेडमी में देशभर से खिलाड़ी ट्रेनिंग लेते हैं.**

इस गड्ढे वाली सड़क पर लोगों का चलना दुष्वार हो गया है. इसी मार्ग के दोनों ओर गंदगी और कचरे के ढेर लगे हैं. ऊपर से मवेशियों का खुलेआम घूमना और कूड़ेदान के पास फैली गंदगी भी गंभीर समस्या बनी हुई है. खिलाड़ियों को साफ-सुथरी सड़क नहीं होने से वे समय पर नहीं पहुंच पाते हैं. खेलों को बढ़ावा देने की मंशा पर यह सड़क रोड़ा बनी है. लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो रही है. बारिश में यहां स्थिति और बिगड़ जाती है. कचरा और पानी से रास्ते में कीचड़ फैल जाता है. जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है.

### झाड़ियां काटकर फुटपाथ पर ही छोड़ी

**भोपाल.** भदभदा से रातीबड़ मुख्य मार्ग पर नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के सामने नगर निगम झाड़ियों को काटकर मुख्य मार्ग के किनारे पर ही छोड़ दिया है, जिससे यह मार्ग यहां सकरा हो गया है. वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है .साथ ही वाहन चालकों को किसी दुर्घटना की चिंता भी सता रही है. खासतौर पर रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है. क्योंकि रोशनी कम होने से सड़क पर पड़ी झाड़ियां साफ दिखाई नहीं देती और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.



# विवि में 66 पदों पर अनियमितता

## ईओडब्ल्यू ने पूर्व निदेशक के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 अगस्त. भोज मुक्त विश्वविद्यालय में 66 पदों पर अवैध नियुक्तियां और नियमितीकरण के मामले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई. मप्र आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ( ईओडब्ल्यू ) ने इस पर एफआइआर दर्ज की है.**

वर्ष 2013-14 के दौरान विवि में तत्कालीन निदेशक प्रवीण जैन और अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा की गई अनियमितता के मामले में कार्रवाई की जा रही है. प्रवीण जैन के साथ अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है. इन सभी पर धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार के आरोप एफआईआर दर्ज की गई है.

प्रवीण जैन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद पर रहते हुए कुछ कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति योग्य पदों पर भी सीधी नियुक्त दी थी. साथ ही कुछ कर्मचारियों को गलत पद वर्ग में समायोजित किया गया था. मामले की जांच के दौरान विवि से मिले रिकार्ड और अन्य दस्तावेजों का परीक्षण किया गया. जिसमें सामने आया कि जैन ने जानबूझकर अनियमितता की जिससे कुछ लोगों को लाभ मिला. बता दें कि उस दौरान प्रवीण जैन को दो दिन तक प्रभारी कुल सचिव की जिम्मेदारी मिली थी.

## एक नजर में

### ठेले, लाईट, तराजू सहित ट्रक सामान जब्त

**भोपाल.** नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले, गुमठी, टेबिल, कुर्सी, पान पार्लर, स्टैंड बोर्ड आदि को हटाया. साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से बने टपरे, शेड, जीने, छप्पर, नालियों पर रखी फर्शियां व आवागमन में बाधक वाहनों को भी हटाने की कार्यवाही की और ठेले, बोर्ड, लाईट, तराजू सहित 01 ट्रक सामान जब्त किया. निगम अमले ने जिला प्रशासन एवं भवन अनुज्ञा शाखा की कार्यवाही में सहयोग करते हुए ओरामाल के निकट शिवालय फार्चयून स्टेट कालोनी के अवैध रूप से बने मेन गेट को भी हटाया.

### 582 .32 करोड़ से जलापूर्ति 50 कार्यों का भूमिपूजन आज

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 अगस्त को दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में अमृत-2.0 योजना के तहत लगभग 582.32 करोड रुपये की लागत से होने वाले जलापूर्ति संबंधी कार्यों एवं शहर के विभिन्न वार्डों में नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले 50 विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन करेंगे साथ ही निगम परिवार के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति तथा अभ्यार्थियों को नवीन नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में नगर निगम, भोपाल के सफाई मित्रों का सम्मान भी किया जाएगा.

### सीएमएचओ ने अस्पताल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**भोपाल.** सिविल अस्पताल सुल्तानिया के निर्माण कार्यों का सीएमएचओ भोपाल ने बुधवार को निरीक्षण किया. डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल भवन का जायजा लेते हुए सिविल इंजीनियर्स से अस्पताल में बनाई जा रही इकाइयों की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के असिस्टेंट जनरल मैनेजर संजय श्रीवास्तव, प्रबंधक अभिषेक तिवारी, उपयंत्री हेमंत पटेरिया उपस्थित रहे. पुराने सुल्तानिया अस्पताल की जगह नवीन 300 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जा रहा है. जनवरी 2024 से शुरू हुए इस कार्य की अनुमानित समय सीमा 30 महीने निर्धारित की गई है.



## डिवाइडर पर लगी हरियाली को निगल रहे मवेशी

**भोपाल.** राजधानी के सिक्स लेन कोलार रोड़ के डिवाइडर पर निगम द्वारा हरियाली के उद्देश्य से लगाए गए पौधों को मवेशी अपना चारा बना रहे है. हालांकि अब यहां पर पौधों को बचाने के लिए जालियां लगाई जा रही है.

## चोरी और झपटामारी करने वाला आरोपी धराया

**भोपाल.** थाना हबीबगंज पुलिस ने शातिर लुटेरे को बुधवार को गिरफ्तार किया. आरोपी के पास से लूट के मोबाईल फोन और चोरी दो वाहन सहित लगभग 4.50 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया गया है. पुलिस जानकारी के अनुसार थाना हबीबगंज पुलिस द्वारा संदिग्धो की चेंकिग के दौरान मेट्रो वॉक की तरफ से एक व्यक्ति युवक पैदल आते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा. जिस पर संदेह होने से उसे रोका गया. पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम महेन्द्र उर्फ मोनू माहौर उम्र 40 साल निवासी प्रिंयका नगर कोलार बताया. चोरी और झपटमारी के संबंध मे पूछे जाने पर उसने कई घटनाओं का खुलासा किया. शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 15 दिन पहले सेंट जोसफ स्कूल को-एड के पास से रेड मी 14 प्रो मोबाइल फोन झपटना, चोरी की गई मोटर सायकल होण्डा साइन, पर्स झपटमारी की घटना को स्वीकार किया. आरोपी ने गोविन्दपुरा ,मिसरोद,चूनाभट्टी, कोलार में चोरी व झपटमारी की घटनाएं करना बताया.

# प्राथमिकता से करें सुरभि गौशाला का निर्माण

## संभागायुक्त संजीव सिंह ने जिम्मेदारों को दिए सख्त निर्देश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 अगस्त. संभागायुक्त संजीव सिंह ने बरखेड़ी अब्दुल्ला में सुरभि गौशाला का निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश बुधवार को दिए.**

उन्होंने कहा कि गौशाला के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से गुणवत्तायुक्त कार्य समय पर पूरा किया जाए. अंतर्विभागीय समन्वय से संबंधित कार्यों में कोई कठिनाई नहीं हो, आपसी समन्वय से कार्य पूर्ण किये जाएं. संभागायुक्त सिंह कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में सुरभि गौशाला के निर्माण कार्यों की समीक्षा की.

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गौशाला का भूमि पूजन किया गया था. गौशाला का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री की



प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल है. कार्य पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाए. गौशाला के संचालन के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली जाएं। गायों के भोजन की व्यवस्था के लिए टेंडर एवं अन्य कार्यों की पहले से तैयारी कर ली जाए.

सिंह ने गौशाला के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली. बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में 14 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि से गौशाला का निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूरा किया जाना है. गौशाला में कुल 10 हजार गायों को रखने की व्यवस्था की जाएगी, प्रथम चरण में 2 हजार गाय रखने के लिए 4 शेड तैयार होंगे. प्रत्येक शेड में 500 गाय रखी जायेंगी.

प्रत्येक शेड के सामने ओपन स्पेस रहेगा. बीमार गायों के लिए दो शेड तैयार होंगे जिसमें एक आईसीयू एवं एक जनरल वार्ड होगा. इसके अतिरिक्त चारा शेड, एक बछड़ा शेड, पानी की टंकी और संपबेल बनाया जाएगा. गौशाला में ऑफिस और निवास भी बनाए जाएंगे. बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) विनोद यादव, स्वामी अच्युतानंद महाराज, एमपीईबी,पीएचई,नगर निगम , स्मार्ट सिटी, वेटनरी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

# आजीविका फ्रेश मेला भोपाल हाट में 23 और 24 अगस्त को

▸ग्रामीण विकास मंत्री पटेल करेंगे मेले का शुभारंभ

**भोपाल. 20 अगस्त. मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला भोपाल हाट में 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है.**

मेले का शुभारंभ 23 अगस्त को प्रात 10 बजे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा किया जायेगा, इस अवसर पर विभाग की राज्यमंत्री राधा सिंह भी उपस्थित रहेंगीं. मेले में विभिन्न जिलों से आ रही स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाये हुये कृषि उत्पादों, दुग्ध उत्पादों सहित अन्य उत्पादों का विक्रय सह प्रदर्शन किया जायेगा.

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को वृहद बाजारों से जोडने के लिये अनेकों प्रयास आजीविका मिशन द्वारा किये जा रहे हैं. इसी क्रम में स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला अरेरा हिल्स पर स्थित भोपाल हाट परिसर में आयोजित किया जा रहा है, मेला प्रात: 11 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक चलेगा.

## ओपीडी में डॉक्टरों के चैंबर खाली, मरीज परेशान

**भोपाल.** जेपी जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीज परेशान हो रहे हैं. ओपीडी का समय सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक का रहता है, लेकिन बुधवार को महिला एवं प्रसूति विभाग में डॉक्टरों के चैंबर खली नजर आये. पूछने पर बिल्डिंग के ऊपर-नीचे चक्कर कटवाए गए और आखिरी में बोल दिया कि डॉक्टर घर चले गए या फिर किसी मीटिंग में व्यस्त हैं. मरीजों का कहना है कि ओपीडी के समय पर डॉक्टरों की कौन सी मीटिंग चल रही है कि जन स्वास्थ्य कार्य से ज्यादा जरुरी हो गई है.

# सरकार को नींद से जगाने का प्रयास

## एनएसयूआई ने ड्रग्स खुलासा मामले में किया अनोखा प्रदर्शन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 अगस्त. राजधानी में अवैध ड्रग्स फैक्ट्री के मामले का भंडाफोड़ होने पर बुधवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया. डीआरआई की कार्रवाई में करोड़ों रुपए की मेफेड्रोन ड्रग्स और भारी मात्रा में कच्चा माल बरामद किया गया.**

इस मामले में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि घटना से सरकार की आँखों के सामने नशे का व्यापार फलता-फूलता रहा और शासन कुंभकरण की नींद सोता रहा. इसी मामले को लेकर बुधवार को एनएसयूआई ने अनोखा प्रदर्शन किया. एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने ढोल ताशे और सीटियों के माध्यम से सरकार को उसकी गहरी नींद से जगाने का प्रयास किया. एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सोनी ने कहा की जिस प्रकार से न जाने कितने समय से राजधानी भोपाल में उक्त अवैध फैक्ट्री नशे का व्यापार कर युवाओं एवं छात्रों के बिच इस जहर को घोलने का कार्य कर रही थी.



## दौरा

### महापौर राय, अध्यक्ष सूर्यवंशी व आयुक्त नारायण से मिले

# उखं के महापौरों ने जाना स्वच्छता में नवाचार

**भोपाल, 20 अगस्त. उत्तराखण्ड के महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों एवं अधिकारियों के दल ने महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन से सौजन्य भेंट की और स्वच्छता व अन्य विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की.**

इस दौरान निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने पॉवर पाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भोपाल शहर में नगर निगम द्वारा स्वच्छता की गतिविधियों एवं नवाचारों तथा जनसुविधा एवं विकास संबंधी कार्यों व श्वानों में एंटीरैबीज वेक्सीनेशन व श्वानों की नसबंदी आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी से उत्तराखंड के दल को अवगत कराया. उत्तराखण्ड के विभिन्न नगर निगमों के महापौरों एवं नगर पालिका अध्यक्षों व अधिकारियों ने नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता संबंधी कार्यों एवं नवाचारों की मुक्तकंठ से सराहना भी की.



उत्तराखण्ड के 6 महापौर, 8 नपा अध्यक्ष एवं 4 अधिकारियों ने आईएसबीटी निगम कार्यालय में महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी व निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन से सौजन्य भेंट की. महापौर राय एवं अध्यक्ष सूर्यवंशी ने उत्तराखंड के प्रतिनिधिमंडल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया व शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया. भोपाल के बारे में जानकारी भी दी.








बेहतर स्वास्थ्य का आधार शुद्ध आहार

आजीविका फ्रेश मेला

भोपाल हाट 23-24 अगस्त 2025 प्रतिदिन प्रात: 11:00 से रात्रि 9:30 बजे तक

शुभारंभ प्रहलाद पटेल
मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा
23 अगस्त, 2025

स्व-सहायता समूहों का रसायन रहित जैविक उत्पाद मेला

- रसायन मुक्त प्रामाणिक प्राकृतिक उत्पाद - अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जियां एवं फल
- दूध उत्पाद - घी, दूध, पनीर
- सोयाबीन उत्पाद - टोफू, सोया बड़ी
- मशरूम उत्पाद - सूखा मशरूम, अचार, पाउडर, कुकीज
- महुआ उत्पाद - कुकीज, लड्डू, नमकीन महुआ
- लघु वनोपज - आंवला कैंडी, मुरब्बा, त्रिफला
- मिलेट उत्पाद - कोदो, कुटकी, चावल कुकीज, लड्डू, खीर
- क्षेत्रीय उत्पाद - नरसिंहपुर की तुअर (अरहर) दाल एवं गुड़, बालाघाट का चिनौरी चावल सिवनी का जीरा शंकर चावल
- जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक
- गौ आधारित उत्पाद - मूर्ति, दीये, कंडे
- जंगल का शुद्ध शहद
- खान-पान - मालवा, निमाड़, चंबल-ग्वालियर, विंध्य, बुंदेलखण्ड, बघेलखण्ड आदि क्षेत्रों के प्रसिद्ध व्यंजन एवं मनोरंजन

जरूर पधारिये भोपाल हाट




मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश)

M.P. Madhyam/121660/2025